## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. चार दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, हेमंत सोरेन ने कहा– राज्यों को मिलनी चाहिए वित्तीय उपयोग की आजादी।
2. राज्य में पेसा कानून लागू नहीं होने पर भाजपा ने सरकार पर किया कड़ा प्रहार, रघुवर दास ने कहा–सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दवाब में, झामुमो ने कहा–धर्म से बाहर निकले भाजपा।
3. सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार एक सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का परिणाम एक माह में जारी करने का दिया आदेश, सीटेट अभ्यर्थियों की अर्जी खारिज, पांच लाख रुपये का जुर्माना।
4. रांची समेत राज्यभर में आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम घोषित, 31 मई और एक जून को रांची में होंगे मुकाबले।

****************

16वें वित्त आयोग की टीम चार दिवसीय झारखंड दौरे पर है। अपने दौरे के पहले दिन आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग के सदस्यों से कहा कि राज्यों को उसके स्थानीय आबादी की आवश्यकताओं के अनुसार वित्तीय उपयोग करने की स्वायत्तता मिलनी चाहिए क्योंकि हर राज्य की अपनी अपनी ज़रूरतें होती हैं। वित्त आयोग की टीम आज देवघर जायेगी, जहां वह बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद प्रमंडल स्तरीय स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। कल यह टीम राज्य सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने वाली है।

****************

राज्य में पेसा कानून लागू नहीं होने पर भाजपा ने सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आरोप लगाया है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही।

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का आरोप है कि भाजपा हमेशा धर्म की राजनीति कर जनता को गुमराह करने का काम करती है।

****************

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय शिष्टमंडल ने भारत के कूटनीतिक अभियान के अन्तर्गत सउदी अरब के रियाद में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखा। शिष्टमंडल में शामिल झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि हमने बड़ी स्पष्टता से अपनी बात रखी है और सऊदी अरब भारत की चिंताओं से वाकिफ है।

****************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में 26 हजार एक सहायक आचार्यों की नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट एक माह में जारी करने का आदेश दिया है। इस मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सचिव को निर्देश दिया है कि वे रिजल्ट जारी करने के आदेश का अनुपालन कर इस संबंध में अदालत में रिपोर्ट दाखिल करें। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार की ओर से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की जाती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी शामिल रखने की मांग वाली एसएलपी पर भी सुनवाई की। कोर्ट ने एसएलपी दाखिल करने वालों की दलीलों को न सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि इसे कोर्ट का समय नष्ट करने का मामला बताते हुए उन पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगी। राष्ट्रपति भवन ने उनके दौरे का कार्यक्रम तय कर दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना राज्य के मुख्य सचिव को भेज दी गयी है। राष्ट्रपति 10 जून को दोपहर तीन बजे देवघर पहुंचेंगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद 11 जून को राष्ट्रपति बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगी। पूजा–अर्चना के बाद राष्ट्रपति एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद उसी दिन राष्ट्रपति असम के लिए रवाना हो जाएंगी।

****************

साहिबगंज जिले में पीएम जनमन महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की पहल तेज कर दी गयी है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचन्द्र राव के त्रिपुरा हाईकोर्ट में तबादले की सिफारिश की गयी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में इसकी अनुशंसा की गयी है।
- राज्य में ईद–उल अजहा सात जून को मनाया जायेगा। रांची, लोहरदगा समेत अन्य जगहों पर कल चांद देखे जाने की पुष्टि एदार–ए–शरिया ने की है।
- जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से साढ़े आठ ग्राम से अधिक सोना भी जब्त किया गया है।
- दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025 से 29 में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर कुलपति प्रो कुनुल कांडिर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल 1 जून से 24 जून तक खोला जाएगा।

****************

मौसम विभाग ने आज रांची समेत राज्यभर में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्व के कई हिस्सों में तेज बारिश के संकेत हैं। यह स्थिति 31 मई तक रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

****************

पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम की घोषणा कर दी गयी है। यह प्रतियोगिता राजधानी रांची में 31 और एक जून को होगी। टीम में 20 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो प्रतियोगिता के दौरान अपना दम दिखायेंगे।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने 16वें वित्त आयोग की टीम के रांची पहुंचने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– 16वें वित्त आयोग से ढाई लाख करोड़ रुपये के स्पेशल पैकेज की मांग करेगी सरकार।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– रांची में चार दिन में कोरोना के दो और मरीज मिले, अब तीन।

दैनिक भास्कर लिखता है– बोकारो डीसी को भूमि दस्तावेज के साथ शीर्ष कोर्ट ने किया तलब।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– वैकल्पिक व्यवस्था से शराब दुकानें चलाने की तैयारी में उत्पाद विभाग।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज होने वाले बिहार दौरे की खबर को प्रमुखता दी है जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया ने लातेहार में सुरक्षाबलों द्वारा भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद करने की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

**********समाप्त************